हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया टिप्पणी ...



13 अवैध प्रवासियों की सूचना देने के लिए जारी हुआ टोल ...






B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

## खबर संक्षेप

### 36 पाव अवैध शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

**बालोद।** मिशन नवचेतना के तहत बालोद पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबारियों पर लगातार करवाई की जा रही है। ग्राम देवीनवागांव मे 36 पाव शराब जब्त, आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत 01 आरोपी गिरफ्तार किया गया। इसी अभियान के तहत थाना बालोद पुलिस ने 22 जुलाई को ग्राम देवीनवागांव खार रोड स्थित खेत के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी ग्राम देवीनवागांव, थाना बालोद, जिला बालोद निवासी हेमंत कुमार यादव पिता छन्नूलाल यादव 45 वर्ष के कब्जे से 08 अद्धी प्लेन शराब 3.000 बल्क लीटर, 28 पाव अंग्रेजी शराब 5.040 बल्क लीटर कुल 36 पाव 8.040 बल्क लीटर शराब कुल अनुमानित मूल्य 4,640 जप्त की गई। अवैध बालोद पुलिस ने अपील की है कि मिशन नवचेतना के माध्यम से बालोद पुलिस नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य नशे से जुड़े अपराधों के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। आम नागरिकों से अपील है कि किसी भी प्रकार की अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, बिक्री अथवा अन्य अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### सोशल मीडिया पोस्ट के विरोध में भाजयुमो पहुंचा थाना

# प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग, भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए भाजयुमो ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा।

भारतीय जनता युवा मोर्चा, शहर मंडल बालोद अध्यक्ष राहुल सोनी के नेतृत्व में थाना प्रभारी, बालोद को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध कथित रूप से अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि इंस्टाग्राम आईडी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कथित रूप से अशोभनीय एवं अपमानजनक टिप्पणी की गई, जिससे करोड़ों देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं। भाजयुमो ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधि अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर देश के संवैधानिक पदों एवं जनभावनाओं का अपमान करने का प्रयास न करे। इस अवसर पर जिसमे मुख्यरूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अकबर तिगाला, भाजयुमो जिला पदाधिकारी सौरभ जैन, प्रवीण सारडा, अभिन्न यादव, रजत जैन, आशुतोष कौशिक, जीत यादव, राहुल साहू, जागेश्वर ढीमर, भाजयुमो महामंत्री कमल बजाज, तुषार ढीमर, भाजयुमो उपाध्यक्ष मनीष माधवानी, यश जैन सहित अंश योगी, पवन यादव, वैभव राखेचा, नमन साहू, पुष्कर देशमुख, हर्षित यादव एवं युवामोर्चा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग



## प्रधानमंत्री पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो ने किया प्रदर्शन

**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल गुण्डरदेही द्वारा गुरुवार को धमतरी चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई कथित अभद्र, अपमानजनक एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में राहुल गांधी का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि विरोध करना लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाना, संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन करना और राजनीतिक नौटंकी करना कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है। भारतीय जनता पार्टी सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक परंपराओं एवं राष्ट्रहित की रक्षा के लिए –ढ़ता से खड़ी रहेगी। प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद की गरिमा के विरुद्ध की गई अभद्र टिप्पणियां किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता कांग्रेस के विरोध में नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनूप देशमुख, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीतीश राजा सोनकर, सौरभ चोपड़ा, गोकुल निषाद, संतोष नेताम, लालवीर सिंह, नमन जैन, सूरज यादव, मोपेंद्र साहू, कुणाल कुर्रे, पोषण सहित भाजपा एवं भाजयुमो के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ गुण्डरदेही में राहुल गांधी का पुतला दहन, भाजपा-भाजयुमो ने जताया विरोध



## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही 55 रूपये का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक |**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक |**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

महोदय,

................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ |

1. आवेदक का नाम ................ 2. पिता / पति ................
3. जन्म तिथि अंकों में ................ 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ................ पोस्ट ................ तहसील ................
थाना ................ जिला ................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ................ मो. नं. 2 ................ वाट्सअप नं. ................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)



**खबर संक्षेप**

## धारदार चाकू लेकर घूम रहे दो युवक गिरफ्तार





**बालोद।** जिला मे चाकू लेकर घुमने की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने पुलिस ने दो आरोपियों पर बालोद पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत 02 के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिसमे पुलिस ने दो अलग–अलग मामलों में धारदार चाकू के साथ 02 आरोपी से अवैध हथियार जब्त कर गिरफ्तार किया। थाना बालोद पुलिस ने 22 जुलाई को दो अलग–अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए आर्म्स एक्ट के दो प्रकरणों में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई ग्राम झलमला सब्जी बाजार के पास की गई, जहां झलमला, थाना बालोद निवासी आरोपी तुषार ठाकुर 18 वर्ष के कब्जे से बिना वैध अनुज्ञप्ति के एक लोहे का धारदार चाकूनुमा हथियार बरामद किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई बालोद–औराभाठा रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पीछे की गई, जहां ग्राम झलमला थाना बालोद निवासी आरोपी धनेश्वर कुमार ठाकुर उर्फ राजा 20 वर्ष के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। बालोद पुलिस ने अपील करते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध हथियार लेकर घूमना कानूनन अपराध है। बालोद पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि कानून का पालन करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा अवैध हथियार संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को दें। जिले में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## लाटाबोड़ स्कूल में बच्चों को पॉक्सो कानून और साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के मार्गदर्शन तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू के नेतृत्व में आज शासकीय स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाटाबोड़ में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के संयुक्त तत्वावधान में एक व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, गुड टच–बैड टच, साइबर क्राइम तथा बाल अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही किसी भी प्रकार के शोषण या संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया से बच्चों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य फतेराम कोसरिया, व्याख्यातागणों सहित जिला बाल संरक्षण इकाई, मिशन वात्सल्य, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं मिशन शक्ति के समन्वयक, परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आउटरीच वर्कर उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन चमन लाल सिन्हा द्वारा किया गया। इस जागरूकता शिविर में बड़ी संख्या में बालक–बालिकाएं उपस्थित रहे।

छात्रों पर कथित लाठीचार्ज, कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी और पेपर लीक के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

# दल्लीराजहरा में कांग्रेस का प्रदर्शन: छात्रों पर लाठीचार्ज और राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



दिल्ली में छात्रों पर कथित लाठीचार्ज और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में दल्लीराजहरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान और जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्तीराम कोसमा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रदर्शन की शुरुआत जैन भवन चौक पर धरना देकर हुई, जहां केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में नारे लगाए गए। इसके बाद शाम करीब छह बजे कार्यकर्ताओं ने रैली निकालते हुए गुप्ता चौक पहुंचकर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक, सीबीएसई परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं और शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अव्यवस्था के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन को बलपूर्वक दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि नई दिल्ली में जंतर-मंतर से संसद की ओर मार्च कर रहे छात्र-छात्राओं और युवाओं पर दिल्ली पुलिस ने लाठीचार्ज और अश्रुगैस का इस्तेमाल किया। इसके विरोध में प्रधानमंत्री आवास के समक्ष धरने पर बैठे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बलपूर्वक हिरासत में लिया गया, जिसकी कांग्रेस ने कड़ी निंदा की।गुप्ता चौक पर पुतला दहन के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया, जिससे पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमाझटकी की स्थिति भी बनी। हालांकि, कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध जारी रखते हुए पुतला दहन कर प्रदर्शन समाप्त किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि छात्रों के अधिकारों, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए उसका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। संगठन ने शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार से जवाबदेही तय करने और छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। प्रदर्शन में रवि जायसवाल, लक्ष्मण शर्मा, ईश्वर राव, राजकुमार साहू, श्रीनिवास राव, महेंद्र अप्पू, चंद्र प्रकाश सिन्हा, जागेश्वर यादव, शैलेष जैन, प्रवीण शर्मा, जोगेंद्र ठाकुर, संतोष घराना, राघवेंद्र ठाकुर, कृष्णा यादव, प्रदीप साहू, सोहैल, मुरली पटेल, तिलक मानकर, दिनेश उर्वसा, तेजेंद्र प्रसाद, अभय सिंह, राजू विनायक, सोहन खड़से, शफीक कुरैशी, शकील बाबा, अशोक बांबेश्वर, विजय जोगदंड, पिंकू डे, फ्रांसिस कोलिन, भारत देवांगन, जगदीश श्रीवास, संतराम सेन, आशाराम साहू, स्वप्नील तामगाडगे, खिलेश पटेल, नीरज साहू, अशोक मुख्य, विद्या रावटे, जयालक्ष्मी, प्रभा माथनकर, नर्मदा सहारे, चंदा टांडिया, रुक्मणी किशोर, विवेक मसीह तथा नगर पालिका परिषद के पार्षद रौशन पटेल, सूरज विभार, पावेन्द्र कोडप्पा, प्राची गायकवाड़, सुमरित उर्वसा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेंगाडबरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव छात्राओं को बांटी सरस्वती साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाडबरी में शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें नई पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी तथा उनकी शिक्षा को नई गति प्राप्त होगी। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्यों एवं पालकों की भी सक्रिय सहभागिता रही। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने तथा शिक्षा के महत्व को समझते हुए मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य एवं पालक घनश्याम तुमरेकी, चेतन लाल, अनुसुइया निषाद, राजेश्वरी साहू, विनोद सिन्हा, अरूणा मानिकपुरी, सविता सोनी एवं गणेश्वरी सहित विद्यालय के प्राचार्य गोविंद राम भुआर्य, एम.एल. सिवने, लखन लाल गोटे, रमेश कुमार ठाकुर, जे.आर. बीहा, सुधीर साहू, सुरेन्द्र साहू, कौशिल्या तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना रहा।

## झरिया लोहार समाज की तिमाही बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





■ राजकुमार विश्वकर्मा बने डौंडी ब्लॉक अध्यक्ष

झरिया लोहार समाज जिला बालोद की तिमाही बैठक रविवार को दल्लीराजहरा परिक्षेत्र के राजा बाड़ा में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में समाज के संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक एकता और विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिले के सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, सचिव, परिक्षेत्रीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कोमल विश्वकर्मा ने की। उन्होंने समाजजनों से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज सेवा के लिए समर्पित भाव से आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती सक्रिय भागीदारी, पारदर्शिता और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

बैठक के दौरान दल्लीराजहरा परिक्षेत्र एवं डौंडी ब्लॉक के लिए नए पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया जिला सचिव सोहन विश्वकर्मा, जिला प्रवक्ता व्यासनारायण विश्वकर्मा तथा अन्य जिला पदाधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया।

डौंडी ब्लॉक प्रकोष्ठ का नेतृत्व अब राजकुमार विश्वकर्मा के हाथों में होगा। उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं लोकेश विश्वकर्मा को संरक्षक, कन्हैया लाल विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, महेश कुमार विश्वकर्मा को सचिव तथा मिथलेश कुमार विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया, जिसमें जानकी विश्वकर्मा को अध्यक्ष, इंद्राणी विश्वकर्मा को संरक्षक, शारदा विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, मीना विश्वकर्मा को सचिव तथा लक्ष्मी विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। समाजजनों ने महिला नेतृत्व को संगठन की नई शक्ति बताया।

दल्लीराजहरा परिक्षेत्र के लिए भी नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। हेमलाल विश्वकर्मा को अध्यक्ष, ताराचंद विश्वकर्मा को संरक्षक, आनंदी राम विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, राजकुमार विश्वकर्मा को सचिव, उमेश विश्वकर्मा को सह सचिव तथा संजू विश्वकर्मा को समाज सेवक की जिम्मेदारी दी गई।

## पलारी में सर्वसमाज की बैठक धर्म के मुद्दे पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/पलारी



नगर पंचायत पलारी में सर्वसमाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र के एक धर्म परिवर्तन से जुड़े विषय पर चर्चा करते हुए समाज के पदाधिकारियों एवं नगरवासियों ने सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों और पारंपरिक व्यवस्था को बनाए रखने पर जोर दिया।

बैठक में धर्म परिवर्तन से जुड़े विषय पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने इस विषय पर अपने-अपने विचार रखे और सामाजिक परंपराओं एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता बताई। बैठक में सर्वसम्मति से यह मत व्यक्त किया गया कि नगर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता बनाए रखने के लिए धर्म परिवर्तन जैसे मामलों में समाज की परंपराओं और सामाजिक सहमति का सम्मान किया जाना चाहिए। बैठक में संबंधित व्यक्ति को नगर में इस प्रकार की गतिविधियां नहीं करने की सलाह दिए जाने की जानकारी भी दी गई। वहीं बताया गया कि संबंधित व्यक्ति ने नगर के बाहर अंतिम संस्कार/मिट्टी कार्यक्रम करने की बात कही। बैठक में उपस्थित सर्वसमाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि समाज की परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने परिवारों से सामाजिक समरसता एवं पारंपरिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसमाज के अध्यक्ष तेजराम सोनगुर्द, उपाध्यक्ष देवनाथ , दयाराम दमन, हितेश, प्रकाश, देवकरण, चंद्रकुमार, नंदकुमार, पवन, महेश, खिलेश्वर, परमानंद, बालकुमार, आनंद, सचिव भुनेश्वर ठाकुर, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, सह सचिव संतोष निषाद, चंदन गुरुवानी सहित सर्वसमाज के संरक्षक, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## जिपं सदन में गूंजा जर्जर सड़कों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





■ अर्जुंदा–आमटी व डुडिया–गोडेला मार्ग की मरम्मत की उठाई मांग

जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने जिला पंचायत सदन में अर्जुंदा से आमटी जर्जर पहुंच मार्ग एवं डुडीया से गोडेला पहुंच मार्ग का मुद्दा उठाया। यह सड़क लगभग 12 किमी लंबी सड़क है, जो बुरी तरह जर्जर हो गई है। अर्जुंदा कॉलेज भी इसी मार्ग में आता है, जिसमे मटिया अ, ओडारसकरी, चीचा, भिलाई, आमटी के ग्रामीणों को इसी मार्ग से होकर आना जाना पड़ता है।

गुलशन चंद्राकर ने कहा कि जिला पंचायत के कार्यवाही का फोटो, वीडियोग्राफी हो ताकि विभागों की जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। गुलशन चंद्राकर ने रायपुरा सेमहरडीह सहित प्रभावित 15 ग्राम पंचायत में आए फ्लोराइड चुनापत्थर खदान को बिना जनसुनवाई के चालू नहीं करने की बात कही। जिले में पर्याप्त मात्र में खाद उपलब्ध नहीं होने का मुद्दा भी गरमाया, खासकर गुण्डरदेही ब्लॉक के सोसायटियों में डीएपी जल्द उपलब्ध कराने कहा गया। गैस की 45 दिन और ओटीपी वाली शर्तो से स्कूल आंगनबाड़ियों, आदिवासी हॉस्टल को अलग रख इन्हें आवश्यकता अनुसार गैस आपूर्ति करने निर्देशित किया गया। अर्जुंदा से आमटी मार्ग, डुडीया से खुर्सीपार राज्यमार्ग, रनचिरई मुख्यमार्ग के खराब स्थिति को सदन में रखा गया तथा ईई पीएमजीएसवाई के उपस्थित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। आबकारी विभाग द्वारा संचालित चखना सेंटरों द्वारा आबकारी अहाता नियम शर्तों को सही से लागू नहीं करने एवं ठोस अपशिष्ट पदार्थ अधिनियम का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की, ख़ासकर देवरी बंगला, मोहंदीपाठ, अर्जुंदा चखना सेंटरों के बाहर फैले प्लास्टिक के कचरे पर नाराजगी जताई गई।

## मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




■ 31 अगस्त तक पूर्ण योजनाओं का भौतिक सत्यापन और भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश

मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंत्रलय महानदी भवन में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में हर घर नल (जल जीवन मिशन) की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन वर्ष 2019 में भारत सरकार द्वारा सभी क्षेत्रें के प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था।

उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना से महिलाओं का समय बचेगा और जलजनित बीमारियों में कमी आएगी तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, सभी जिलों के कलेक्टर एवं विभागीय अधिकारी शामिल हुए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित वर्चुअल बैठक के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में मिशन मोड में कार्य करते हुए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से कहा कि वे प्रत्येक माह जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करें। बैठक में मुख्य सचिव ने पूर्ण हो चुकी और हस्तांतरित योजनाओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका 31 अगस्त तक भौतिक सत्यापन कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जिन योजनाओं का कार्य अधूरा है, उन्हें 31 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का शत–प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिला कलेक्टर समयबद्ध तरीके से रनिंग बिलों के भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करें, जिससे निर्माण कार्य बाधित नही हो।

सीईओ पन्नालाल ध्रुवे ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं के घर लगाए जाएंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्नालाल धुर्वे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें महतारी वंदन योजना के लाभान्वित महिलाओं के घर में पौधारोपण, पूरे विकासखंड में एक साथ कराने के संबंध में निर्देश दिये गये।

इस बैठक में जनपद पंचायत गुरूर के सभी तकनीकी सहायक, उपअभियन्ता, बिहान के बीपीएम, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, उद्यान विभाग के अधिकारी, अति.मुख्य कार्यपालन अधिकारीए कार्यक्रम अधिकारी आदि सम्मिलत हुए साथ ही ग्राम पंचायत के सचिवों एवं रोजगार सहायकों को वृक्षारोपण महाभियान के संबंध में जानकारी दी गई। एक साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने के पूर्व आने वाले दो दिवसों में बालोदगहन नर्सरी, मोहारा नर्सरी एवं घोटिया नर्सरी से पौधे प्राप्त करने के निर्देश दिया गया। तथा पौधे किस तरह से लगाने हैं इसके संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया, वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आव्हान किया गया। पौध रोपण हेतु जागरूक करते हुए कहा गया कि पौधों को पॉलीथीन के साथ नीचे से पकड़कर पौध रोपण स्थान तक लगाना चाहिए। जहां 6–8 घंटे की अच्छी धूप आती हो एवं फेन्सिंग, मकान से 03 फिट की दूरी पर हो। जिसमे 2 फिट आकार का गड्ढा तैयार करें। गड्ढा से निकली हुई मिट्टी में 05 किलो ग्राम गोबर खाद एवं रासायनिक खाद मिलाकर गढ्डों को जमीन के स्तर तक भराई कर दें। स्वस्थ पौधे की थैली को धारदार ब्लेड से हटाकर पौधे को रूट बाल सहित सावधानी से पिंड को सीधा रखकर गढ्डे के बीचो–बीच लगाएं तथा मिट्टी को पैरों से अच्छी तरह दबाऐं। पौधा लगाने के तुरंत बाद भरपूर पानी दें ताकि मिट्टी बैठ जाये और जड़ों को हवा न लगे जिसमे बरसात में आवश्कतानुसार, ग्रीष्मकाल में 06 दिवस के अंतराल में पानी दे। नियमित पानी दें, सहारा स्टेकिंग–बांस की खुटी लगाएं और कीटों से बचाएं। सांथ ही सुरक्षा घेरा लगाकर उसे सुरक्षित करें।

## सरस्वती साइकिल योजना के तहत 32 छात्राओं को बांटी निःशुल्क साइकिल

**बालोद।** गुंडरदेही विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अचौद में 'सरस्वती साइकिल योजना' के अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया।



इस योजना से विद्यालय की 32 छात्रएं लाभान्वित हुईं। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्राचार्य, विद्यालय के स्टाफ एवं अभिभावकों की उपस्थिति में बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। अचौद विद्यालय में पास के गांवों खुटेरी, फुंडा, बोरगहन, रजोली के विद्यार्थी अध्ययन करने आते हैं। साइकिल मिलने से बालिकाओं का सफर सुरक्षित, सुगम और समय की बचत करने वाला हो गया है, जिसके कारण बालिकाएं नियमित विद्यालय आती हैं। इस योजना के कारण लम्बी दूरी के कारण होने वाली थकान अब बालिकाओं की उपस्थिति के आड़े नहीं आती है, जिसके फलस्वरूप उनकी दैनिक उपस्थिति में स्पष्ट सुधार परिलक्षित हो रहा है। अब वे पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ समय पर स्कूल आती हैं। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के लिए एक संबल के समान है। पालकों को बच्चों के आवागमन के साधन जुटाने के लिए किसी आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता, जो उनके लिए एक बड़ी राहत है।

## खबर संक्षेप

### कोलिहापुरी हाई स्कूल में 28 छात्राओं को बांटी नि:शुल्क साइकिल

**अण्डा।** ग्राम कोलिहापुरी स्थित शासकीय हाई स्कूल में मुख्यमंत्री नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं की 28 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना, विद्यालय तक उनकी नियमित एवं सुरक्षित पहुँच सुनिश्चित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।

### पुरूर में नेशनल हाईवे किनारे नाली के प्लेट टूटे

**गुरुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मे ग्राम पुरूर स्थित रानी दुर्गावती चौक के पास की सड़क किनारे की नाली के उपर लगा प्लेट कई स्थानो में टूट रहा है। पिछले दो माह से प्लेट के टूटने का क्रम आरंभ हुआ है जो कई जगह से टूट चुका है। वर्तमान में इन टूटे हुए प्लेट से नाली का गंदा पानी सड़क में बह रहा है। आरोप है कि इसकी जानकारी देने के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग के जिम्मेदार लोगो के द्वारा इस पर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है, यह स्थान राष्ट्रीय राजमार्ग 30 एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 930 का संगम स्थल है, दो राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण इस स्थान पर यातायात का भारी दबाव रहता है, ऐसी स्थिति में नाली के प्लेट टूटने एवं जर्जर होने से वाहन चालको को हर पल खतरा बना रहता है। आरोप है कि जानकारी देने के बाद भी विभाग द्वारा उस स्थान को चिन्हांकित नही किया गया और ना ही उस स्थान की बेरिकेटिंग की गई है, जिससे वर्तमान में भी अनजान वाहन चालक उस टूटे प्लेट से बने गढ्ढे में फंसकर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। वहीं नाली के प्लेट टूट जाने से बारिश में नाली का पानी बाहर निकल कर सड़क पर बह रहा है। जिससे सड़क में गंदगी होने से आसपास के दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है, तो वही मार्ग में आने जाने वाले राहगीरों को गंदे पानी की दुगंर्ध से परेशानी हो रही है। जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने बताया कि इसकी जानकारी विभाग को दी गई है, किंतु अब तक विभाग द्वारा टूटे हुए गटर के प्लेट को नहीं बनाया गया है।

### 'एक पेड़ महतारी (मां) के नाम' लगाने कलेक्टर ने 2.50 लाख हितग्राहियों से की अपील

# 30 जुलाई को जिलेभर में होगा महतारी वंदन पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करने हेतु समाज के सभी वगोंर् की सहभागिता से जिले में अधिक से अधिक पौधारोपण करने हेतु गुरूवार 30 जुलाई को वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस महती अभियान में जिले के महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु इस वृहद पौधारोपण अभियान के अवसर पर गुरूवार 30 जुलाई को महतारी वंदन पौधारोपण अभियान का भी आयोजन किया गया है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने महतारी वंदन योजना से लाभान्वित बालोद जिले के लगभग 02 लाख 50 हजार हितग्राहियों को गुरूवार 30 जुलाई को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित महतारी वंदन पौधारोपण अभियान के अंतर्गत 'एक पेड़ महतारी (मां)' के नाम से पौधारोपण कर रौधों का समुचित देखभाल सुनिश्चित करने की अपील की है।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण एवं संर्वधन करना हम सबकी प्राथमिक जवाबदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जलशक्ति अभियान कार्यक्रम 'कैच द रैन' के अंतर्गत पौधारोपण को बढ़ावा देकर जल संचयन का जो लक्ष्य हमें दिया है। उसे पूरा करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए उन्होंने जिले के महतारी वंदन योजना से लाभान्वित जिले के लगभग 02 लाख 50 हजार महिलाओं से गुरूवार 30 जुलाई को एक पेड़ महतारी मां के नाम से अनिवार्य रूप से पौधारोपण करने को कहा है।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि गुरूवार 30 जुलाई को सुबह 11 बजे जिला प्रशासन द्वारा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित महतारी वंदन पौधारोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का एक हिस्सा है। इस अवसर पर उन्होंने जिले के महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के अलावा जिले के सभी मातृ शक्तियों एवं बालिकाओं से भी जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चलाए जा रहे इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले के सभी मातृ शक्तियों से अपने घर, बाड़ी एवं अपने खेत के आसपास के शासकीय भूमि, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन पर अपने मां के नाम पर या अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के नाम पर अनिवार्य रूप से पौधा लगाकर उनकी समुचित सुरक्षा लेने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि इस दौरान पौधारोपण हेतु सभी पौधे जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क आपके पंचायतों तक पहुँचाकर वितरित किए जाएंगे।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि पौधारोपण के दौरान पौधों के साथ अपनी फोटो सेल्फी लिंक पर अगर आप अपलोड करते है तो पर्यावरण की संरक्षण में किए गए योगदानों के लिए आपको एक प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। मिश्रा ने कहा कि आपका छोटा सा प्रयास पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाली पीढ़ी के लिए मिसाल बनेगा।

## लोकमान्य तिलक, चंद्रशेखर आजाद और बिसाहूदास महंत को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



**गुरूर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर द्वारा स्थानीय कांग्रेस कार्यालय मे लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद के जयंती तथा स्व बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

इस अवसर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी समाज सुधारक राष्ट्रवादी नेता थे, उनका जीवन हमेशा देशभक्ति साहस पराक्रम और जनसेवा की प्रेरणा देता है।

शहीद चंद्रशेखर आजाद भारत के महान क्रांतिकारी थे, उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, उनका अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम आज भी युवाओं को देश के प्रति समर्पण और निडरता का संदेश देता है, स्व बिसाहू दास महंत एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन में भाग लिया। ऐसे वीर महापुरुषों को आज हम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं उनके आदर्श हमे राष्ट्र हित, सत्य, जनसेवा के मार्ग पर चलने सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली, सुमीत राजपूत, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, सरपंच बालोदगहन भगवान दास मंचूरिया, एसटी सेल के जिला अध्यक्ष दिनाराम चेलक, ब्लॉक सचिव तुलेश सिन्हा, कुलदीप साहू, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर, मोहम्मद खान, अंकुश देवान, रूप साहू, गौतम कुमार सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बगदई और छेड़िया में सामुदायिक भवन निर्माण की मांग, 20 लाख राशि दिलाने का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

विकासखण्ड के ग्राम बगदई एवं ग्राम छेड़िया के आदिवासी गोंड समाज के पदाधिकारियों ने सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की मांग को लेकर जनसेवक भाजपा संजारी बालोद राकेश यादव से मुलाकात की।

यह मुलाकात अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा जिला बालोद के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ठाकुर के नेतृत्व में हुई। इस दौरान ग्राम बगदई से समाज अध्यक्ष ईश्वर लाल सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष पंजे लाल मंडावी, सचिव नंदकुमार नेताम, कोषाध्यक्ष रामनारायण नेताम एवं सदस्य अखिलेश्वर सूर्यवंशी तथा ग्राम छेड़िया से अध्यक्ष सुभाष सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष ठाकुर राम खुरश्याम, सचिव अशोक सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष सोहन नेताम एवं सदस्य सोमनाथ खुरश्याम उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने दोनों ग्रामों में सामुदायिक भवन की आवश्यकता एवं ग्रामीणों की समस्याओं से यादव को अवगत कराया।

राकेश यादव ने सामाजिक पदाधिकारियों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए ग्राम बगदई के लिए 10 लाख रुपये एवं ग्राम छेड़िया के लिए 10 लाख रुपये कुल 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करवाने का आश्वासन दिया। इस पहल पर आदिवासी गोंड समाज के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राकेश यादव के प्रति आभार जताया तथा उनके सरल व्यवहार, सकारात्मक सोच एवं जनहित के प्रति समर्पण की सराहना की।

## 29 जुलाई को भरनाभाट में होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव, तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



ग्राम भरनाभाट स्थित श्री राजराजेश्वर राधा कृष्ण सेवा संस्थान के तत्वावधान में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा क्षेत्र के श्रद्धालुओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। संस्थान के संगठन सचिव रविचंद सिन्हा ने बताया कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु ही मनुष्य को ज्ञान, संस्कार और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे जलसा से होगा। इसके बाद सुबह 10:30 बजे स्वागत एवं पादुका पूजन, 11:30 बजे हवन-यज्ञ, दोपहर 1 बजे गुरु वाणी तथा अपराह्न 3 बजे महाप्रसाद (भोजन) का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के संरक्षक राजेश तिवारी (मानस किंकर) ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक पर्व है। गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान, सेवा, सदाचार और आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्थान के संचालक कंवल सिन्हा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता का महापर्व है। संस्थान समाज में आध्यात्मिक जागरण, नैतिक मूल्यों और सेवा भावना के प्रसार के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने एवं गुरुजनों के सान्निध्य का लाभ लेने की अपील की। श्री राजराजेश्वर राधा कृष्ण सेवा संस्थान ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## जंगलों में लावारिस छोड़े जा रहे गौवंश किसानों ने शुरू की रात में पहरेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

- फसलों को नुकसान से किसान परेशान, रात में गौवंश छोड़ने वालों पर कानूनी कार्रवाई की तैयारी

शासन प्रशासन के लगातार प्रयासों एवं सामाजिक संगठनों के जागरूकता कार्यक्रमों के बाद भी आम जनता का गौ माता के प्रति मोह कम हो रहा है। गौ पालक गायो को जंगलो में ले जाकर लावारिस छोड़ने लगे हैं। जंगल क्षेत्र के परेशान किसान एवं ग्रामीण ऐसे लोगो के खिलाफ धर पकड़ कर कानूनी कार्यवाही के लिए मजबूर हो रहे है।

क्षेत्र के गांव–गांव में घूमंतु गौ वंशो की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। गौ शालाओं में जगह नहीं होने से गौशाला संचालकों के द्वारा गायों को रखने से मना करने, एवं ग्रामों मे निर्मित गौठानों मे कोई व्यवस्था नही होने से अब गौ पालक, विकासखण्ड के जंगलों में गौ वंशों को रात के अंधेरे में लाकर छोड़ने लगे हैं।

ग्रामीणों एवं गौ पालकों के इस प्रकार गौ वंशों को जंगल में छोड़ने के कारण वन क्षेत्र के पास के ग्राम चुल्हापथरा, सोनईडोंगरी, धानापुरी, हितेकसा, करियाटोला व अन्य ग्राम के किसान व ग्रामीण पेरशान है। वे घुमंतू गौ वंश खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब इन गायों का लाने वालो को पकड़ने के लिए ग्रामीण रात जागकर पहरेदारी करने लगे हैं एवं रात के अंधेरे में वाहनो के माध्यम से गायों को लेकर आने वाले लोगो को पहले समझाइस देकर वापस कर रहे हैं। वहीं देर रात जबरदस्ती गायों को छोड़ने वालों के खिलाफ कानून कार्यवाही करने लगे हैं। गौ शाला प्रमुख ओमप्रकाश ने बताया कि रात के अंधेरे में गौ वंशों का परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। रात के अंधेरे में गौ वंशों का परिवहन करते पाये जाने पर वाहन को जप्त कर वाहन को राज सात किया जा सकता है एवं संबंधितों के खिलाफ पशु कुररता अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकती है। उन्होने कहा गौ वंश को घरों मे पालें व गौ आधारित खेती के लिए गोबर व गौमुत्र का उपयोग कर अपनी कृशि लागत कम करने के लिए उसका उपयोग करे। जंगल क्षेत्र के ग्रामीणों ने रात के अंधेरे में लाकर पशुधन को छोड़ने के मामले में कुछ लोगों की पहचान की है। जिनमें कुछ ग्रामों के पशु पालकों ने अपनी गलती मानते हुए अपने गौ वंशों को वापस लेकर चले गये, वहीं दर्जनभर पशुपालकों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने की तैयारी की जा रही है।

## अवैध प्रवासियों की सूचना देने के लिए जारी हुआ टोल फ्री नंबर

**दल्लीराजहरा।** राज्य की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन ने आम नागरिकों के लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-1905 जारी किया है। जिला प्रशासन को इस संबंध में रायपुर से जारी निर्देश प्राप्त होने के बाद जिलेभर में इस नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस व्यवस्था की जानकारी प्राप्त कर आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग कर सकें।


राज्य में अवैध रूप से निवास कर रहे प्रवासियों की पहचान और आवश्यक कार्रवाई के लिए जनसहभागिता को महत्वपूर्ण माना गया है। इसी उद्देश्य से यह टोल फ्री नंबर जारी किया गया है, जिस पर कोई भी नागरिक बिना किसी शुल्क के संदिग्ध अथवा अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों से संबंधित सूचना उपलब्ध करा सकता है।




प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस नंबर का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें। सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों तथा अन्य माध्यमों से लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि प्रत्येक नागरिक इस सुविधा से परिचित हो सके। दल्लीराजहरा थाना प्रभारी अविनाश सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी क्षेत्र में किसी व्यक्ति के अवैध रूप से निवास करने या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले तो उसकी सूचना तत्काल टोल फ्री नंबर 1800-233-1905 पर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। दल्लीराजहरा सीएसपी विकास पाटले ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें आम नागरिकों की सतर्कता और सहभागिता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

समय पर प्राप्त सूचना से कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आवश्यक कार्रवाई करने में सहायता मिलती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान किसी समुदाय या वर्ग को लक्षित करने के लिए नहीं है। इसका उद्देश्य केवल शासन के निर्देशों के अनुरूप अवैध प्रवासियों की पहचान, सत्यापन और राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे केवल तथ्यात्मक और सत्यापित जानकारी ही साझा करें, जिससे प्रशासन प्रभावी एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित कर सके।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### समाजसेवी यशवंत टंडन को मिलेगा हिन्दुस्तान यूथ आइकन अवार्ड-2026



**बालोद।** जिला के युवा समाजसेवी यशवंत कुमार टंडन का चयन हिन्दुस्तान यूथ आइकन अवार्ड 2026 के लिए हुआ है। गुण्डरदेही विकासखंड के अर्जुन्दा ब्लाक के ग्राम डुड़िया निवासी युवा समाजसेवी यशवंत कुमार टंडन पिता हूबलाल टंडन का चयन हिन्दुस्तान यूथ आइकन अवार्ड 2026 के लिए किया गया है। यह सम्मान यूथ एवरेस्ट फाउंडेशन द्वारा समाज सेवा, युवा नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले युवाओं को प्रदान किया जाता है। यह सम्मान समारोह 28 जुलाई को मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर उत्तर प्रदेश में आयोजित यूथ एवरेस्ट फाउंडेशन के 5वें वार्षिक समारोह, नेशनल यूथ स्पिरिचुअल समिट एवं नशा मुक्त युवा, विकसित भारत कार्यक्रम के दौरान होगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित युवा प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं युवा नेतृत्वकर्ता शामिल होंगे। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं शुभचिंतकों ने यशवंत कुमार टंडन के प्रति हर्ष व्यक्त किया है।

### बालोद में हुआ शासन दीपक अक्षय मुनि का मंगल प्रवेश, चार माह के वर्षावास का शुभारंभ

**बालोद।** जैन श्री संघ एवं श्री साधुमार्गी जैन संघ बालोद को आचार्य भगवन श्री रामलाल जी म.सा. एवं उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि म.सा.की महती कृपा से बालोद 2026 का वर्षावास शासन दीपक अक्षय मुनि श्री जी म.सा., दिनेश मुनि म.सा. आदि ठाणा का सानिध्य बालोद संघ को प्राप्त हुआ है। पूज्य म.सा. समता भवन बालोद में विराजीत हो चुके है, इस अवसर पर जैन समाज के सैंकड़ो की संख्या मे महिला, पुरुष, युवा आज उनके मंगल प्रवेश पर उपस्थित थे। पूज्य संतो के मंगल प्रवेश पश्चात पूज्य संतो ने उपस्थित लोगो से कहा की बालोद को धर्म नगरी के नाम से जाना पहचाना जाता है, उन्होने इन 4 माह वर्षावास के दौरान अधिक से अधिक धर्म प्रभावना धार्मिक क्रिया, तपस्या आदि करने की बात कही। वहीं जैन श्री संघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला एवं साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष मनोहर नाहटा ने मंगल प्रवेश मे उपस्थित सभी का आभार व्यक्त कर सभी धार्मिक क्रियाओ मे शत प्रतिशत उपस्थिति का निवेदन भी किया है।

### 25 जुलाई को होगा सीडबॉल निर्माण एवं पौधरोपण अभियान

**बालोद।** पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़गांव में 25 जुलाई को सीडबॉल निर्माण एवं बीजारोपण का कार्यक्रम रखा गया है। पर्यावरण गतिविधि व संरक्षण जिला बालोद द्वारा प्रकृति को हरा–भरा बनाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से 25 जुलाई शनिवार को सीडबॉल निर्माण बीजरोपण व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में प्रातः 7:30 बजे आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोमार सिंह कुंवर हांगे, कार्यक्रम के संयोजक कमलकांत साहू और सह–संयोजक संजय साहू उपस्थित रहेंगे।

**प्रदर्शन : भाजपा-कांग्रेस एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा कर रहे प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन**

# प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग, भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा, सनौद मंडल बालोद के अध्यक्ष मितेश साहू के नेतृत्व में थाना प्रभारी सनौद को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध कथित रूप से अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि इंस्टाग्राम आईडी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कथित रूप से अशोभनीय एवं अपमानजनक टिप्पणी की गई, जिससे करोड़ों देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं। भाजयुमो ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधि अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में



कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर देश के संवैधानिक पदों एवं जनभावनाओं का अपमान करने का प्रयास न करे। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, महामंत्री ललित गजेंद्र, सभपति जनपद पंचायत गुरुर हरिकृष्ण गंजीर, सदस्य जनपद पंचायत आशीष साहू, मंत्री मनीष साहू, पार्षद गजेंद्र महमल्ला, संतोष कुर्रे, भोला वैका, भाजयुमो महामंत्री पूरब देवांगन, उमेश साहू, गुलशन साहू, चम्पेश्वर साहू, नवदित्य साहू, डाकेश्वर साहू, विकास वैष्णव एवं युवामोर्चा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के विरुद्ध कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) मंडल डौंडीलोहारा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध सामाजिक माध्यम पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को थाना प्रभारी डौंडीलोहारा सुनील तिर्की को ज्ञापन सौंपा। मंडल अध्यक्ष हिरेंद्र गायकवाड के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि एक सामाजिक माध्यम पर संचालित खाते से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कथित रूप से अशोभनीय एवं अपमानजनक टिप्पणी की गई है, जिससे अनेक लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। भाजयुमो ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग



की। ज्ञापन में कहा गया कि सामाजिक माध्यमों का दुरुपयोग कर किसी भी संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करना उचित नहीं है। ऐसे मामलों में समयबद्ध कार्रवाई किए जाने से भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सकेगी। इस दौरान एकलव्य महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष जसराज शर्मा, एल्डरमैन धीरेन्द्र टांक, जीवराखन कौमार्य, भाजयुमो मंडल महामंत्री अभिषेक जैन, प्रकाश साहू, पावेंद्र देशमुख, सोहन पटेल, सुरेंद्र गायकवाड, अजय कुमार सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी की गिरफ्तारी, छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज और पेपर लीक के विरोध में देवरी में कांग्रेस का धरना

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरीबंगला एवं कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मार्रीबंगला बस स्टैंड में धरना-प्रदर्शन कर राहुल गांधी की गिरफ्तारी, दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए कथित लाठीचार्ज तथा नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि जंतर-मंतर पर छात्र-छात्राओं के साथ हुई कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और इसकी कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं से लाखों विद्यार्थियों और उनके परिवारों का भविष्य प्रभावित हुआ है। इस मामले में जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। धरने को जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, जिला महामंत्री केशव शर्मा, जीवन कश्यप, कोदूराम दिल्लीवार, जागृत सोनकर एवं



संजीव चौधरी ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर युवाओं और विद्यार्थियों के हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान विधायक सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रदर्शन स्थल के आसपास तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य भूपेश नायक, दुर्गा ठाकुर, टीकमबाई निषाद, सुमन सोनबोईर, हेमलता साहू, दीपक सिन्हा, नवलदीप गंजीर, इंदरचंद बाफना, ललित हिरवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा द्वारा कांग्रेस भवन में नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं से देश के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उनका आरोप था कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता बनाए रखने में विफल रही है, जिससे युवाओं का विश्वास कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य सांसदों एवं वरिष्ठ



नेताओं की गिरफ्तारी का भी विरोध जताया। उनका कहना था कि विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और कांग्रेस इसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी। प्रदर्शन में विधायक अनिला भेड़िया, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा, पूर्व मंडी अध्यक्ष भोला राम देशमुख, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री हस्तिमल साखला, मेघनाथ साहू, जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, जिला पदाधिकारी गोपाल प्रजापति, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, मंथीर भंडारी, सचिव लोकनाथ निषाद, माधव गिरी गोसावमी, मूलचंद शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी डोमेन्द्र साहसी, शांति रावटे, जनपद सदस्य तेजस्विनी दुग्गा, सरोज पटेल, विमला ठाकुर, पार्षद राकेश साखला, शिवभजन साहू, बूथ प्रभारी गुलाब भंसाली, ब्लॉक मीडिया प्रभारी रवि साहू, युवा कांग्रेस के कान्हा सिंह टांक, यास्मीन अली, थान सिंह रावटे, पप्पू सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छात्रों के हितों की रक्षा और युवाओं को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले 11 चालकों पर कार्रवाई, 1.10 लाख रुपए का जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पुलिस द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। ताजा मामले मे 11 प्रकरणों में कार्यवाही कर न्यायालय में पेश करने पर उन्हे 1,10,000 रू. अर्थदण्ड हुआ।

सभी वाहन चालकों का 03 माह के लिए लायसेंस निलंबित किया गया तथा चेतावनी दी गई कि दुसरी बार शराब पीकर वाहन चलाने पर हमेशा के लिए लायसेंस को निरस्त किया जाएंगा।यातायात बालोद एवं सभी थाना चौकी प्रभारीयों द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर




विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही एवं जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। शराब सेवन कर वाहन चालाने वाले 11 वाहन चालकों का प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें न्यायालय द्वारा 1,10,000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। ज्ञात हो कि शराब सेवन कर वाहन चलाने पर प्रथम अपराध में 10,000 रूपये जुर्माना एवं द्वितीय अपराध पर 15,000 रूपये जुर्माना का प्रावधान है। बालोद पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले सभी वाहन चालकों का लायसेंस सस्पेंड करने के लिए संबंधित परिवहन विभाग को पत्र जारी कर लायसेंस 03 माह के लिए सस्पेंड किया जा रहा है। द्वितीय बार शराब पीकर वाहन चलाते पाएं जाने से वाहन चालक का लायसेंस हमेशा के लिए निरस्त किया जाना है। यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है कि शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले, हमेशा यातायात नियमों का पालन करे।

यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील की कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखें।

## भारतीय बौद्ध महासभा की महत्वपूर्ण बैठक 26 को

**डौंडीलोहारा।** भारतीय बौद्ध महासभा, परिक्षेत्र शाखा डौंडीलोहारा द्वारा आगामी 26 जुलाई 2026, रविवार को आंबेडकर भवन डौंडीलोहारा में प्रातः 11 बजे एक महत्वपूर्ण एवं अति आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में परिक्षेत्र के समस्त बौद्ध उपासकों एवं उपासिकाओं की अनिवार्य उपस्थिति का आह्वान किया गया है। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही समाज की एकता, बौद्ध धम्म के प्रचार-प्रसार तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए भावी कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श होगा।महासभा ने परिक्षेत्र के सभी बौद्ध उपासकों एवं उपासिकाओं से समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं विचार रखने की अपील की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ब्वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740